शोध एवं नवाचार, निदेशालय
उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

अधिसूचना

लघु शोध परियोजनाओं (Minor Research Projects) हेतु प्रस्ताव आमंत्रण (वित्त वर्ष 2026–2027)

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अपने अंत:संस्थागत अनुदान (Intramural Grant) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026–2027 हेतु लघु शोध परियोजनाओं (Minor Research Projects) के लिए विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक एवं पात्र संकाय सदस्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने प्रस्ताव ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं।

आवेदन संबंधी निर्देश

- ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 08 अप्रैल 2026 से उपलब्ध रहेगा।
- आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।
- आवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व सभी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
- शोध प्रस्ताव को अनिवार्य रूप से आवेदन फ़ॉर्म में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही तैयार किया जाना चाहिए।
- अलग से कोई प्रस्ताव दस्तावेज़ (PDF/Attachment) संलग्न नहीं किया जाए।
- अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं से बचने हेतु, आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व ही जमा करना सुनिश्चित करें।
- सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे; किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

विवरण	**तिथि**
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ	08 अप्रैल 2026
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	20 अप्रैल 2026